# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| | | |
|---|---|---|
| **Class: VII-2nd Lang.** | **Department: Hindi** | **Date of submission:** |
| **Worksheet No: 9**<br>**Revision with Answers** | **Topic:** - मुहावरे, पर्याय, अनेकार्थी, वर्ण- विच्छेद, विलोम, उपसर्ग-प्रत्यय\| | **Note: Pl File in portfolio** |

**प्रश्न-1 दिए गए मुहावरों से उचित वाक्य बनाइए|**

1. **चिकना घड़ा होना** (कुछ असर न पड़ना) अजय को अध्यापिका ने कितना भी समझाया पर वह तो चिकना घड़ा है|

2. **खाक में मिलना** (सब कुछ नष्ट हो जाना)- बाढ़ आने पर उसका सब कुछ खाक में मिल गया।

3. **खून-पसीना एक करना** (बहुत कठिन परिश्रम करना)- रामू ने खून-पसीना एक करके अपना मकान बनवाया था।

4. **गले का हार होना** (बहुत प्यारा)- राम-लक्ष्मण सबके गले का हार थे।

5. **घाव पर नमक छिड़कना** (दुःख में दुःख देना)- राम पहले से ही दुखी है, तुम तो उसके घाव पर और नमक छिड़क रहे हो ।

6. **कलेजे पर साँप लोटना** (ईर्ष्या करना)- पड़ोसी की सफलता देखकर राहुल के कलेजे पर साँप लोटने लगा।

7. **आकाश के तारे तोड़ लाना** (असंभव कार्य करना)- श्याम हमेशा आकाश के तारे तोड़ने की बात करता है।

8. **हाथ पैर मारना** (काफी प्रयास)- राम ने इस बार बहुत हाथ-पैर मारे फिर भी वह परीक्षा में सफल नहीं हो सका ।

9. **बात का बतंगड़ बनाना** (छोटी-सी बात को बहुत बढ़ा देना)- रोहित अपने सहपाठी की छोटी-सी गलती को लेकर बात का बतंगड़ बनाने लगा ।

10. **मुँह में पानी आना** (लालच होना)- गरम-गरम जलेबी देखते ही उसके मुँह में पानी भर आया।

11. **अंग-अंग ढीला होना** (बहुत थक जाना)- पूरे दिन काम करते-करते अजय का अंग-अंग ढीला हो गया|

12. **नाक में दम करना** (परेशान करना)- गाँव के इन शरारती बच्चों ने नाक में दम कर रखा है|

13. **हाथ मलना** (पछताना)- सोहन कल गलती करके हाथ मलता रह गया|

14. **अपने पैर पर कुल्हाड़ी मरना** (संकट मोल लेना)- रोहन से झगड़ा करके राम ने अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार ली|

15. **गुदड़ी के लाल** (गरीब के घर में गुणवान का जन्म)लाल बहादुर शास्त्री गुदड़ी के लाल थे|

**प्रश्न-2 दिए गए शब्दों के वर्ण विच्छेद कीजिए ।**

1- कथन = क् + अ + थ् + अ + न् + अ

2- नाना = न् + आ + न् + आ

3- दीवार = द् + ई + व् + आ + र् + अ

4- कहानी = क् + अ + ह् + आ + न् + ई

5- अनुमान = अ + न् + उ + म् + आ + न् + अ

6- दूर = द् + ऊ + र् + अ

7- अमृत = अ + म् + ऋ + त् + अ

8- बेकार = ब् + ए + क् + आ + र् + अ

9- तैयार = त् + ऐ + य् + आ + र् + अ

10- कोयला = क् + ओ + य् + अ + ल् + आ

11- सौभाग्य = स् + औ + भ् + आ + ग् + य् + अ

12- क्षमा = क् + ष् + अ + म् + आ

13- चित्र = च् + इ + त् + र् + अ

14- यज्ञ = य् + अ + ज् + ञ् + अ

15- श्रोता = श् + र् + ओ + त् + आ

16- भंडार = भ् + अं + ड् + आ + र् + अ

17- निबंध = न् + इ + ब् + अं + ध् + अ

18- टाँग = ट् + आँ + ग् + अ

19- चाँद = च् + आँ + द् + अ

20- हृदय- ह् + ऋ + द् + अ + य् + अ

**प्रश्न-3 अनेकार्थी शब्द-**

1. लक्ष्य- निशाना, उद्देश्य
2. नाग- हाथी, साँप
3. बल- सेना, शक्ति
4. मान- इज्जत, अभिमान
5. अर्थ - मतलब, धन
6. हार - आभूषण, पराजय

**प्रश्न-4 पर्यायवाची शब्द-**

1. शिक्षक- अध्यापक, गुरु
2. ईश्वर- भगवान, प्रभु
3. माँ- माता, जननी
4. वायु - हवा, पवन

5. संध्या - शाम, सायंकाल

6. आँगन - अंगना, प्रांगण

7. उत्सव - पर्व, त्यौहार

8. आज्ञा - आदेश, हुक्म

9. कलश - घट, घड़ा

10. कृष्ण - श्याम, कन्हैया

11. न्याय- इनसाफ़, फैसला

12. नया- नव , नवीन

13. अनोखा- अनुपम , अनूठा

14. प्रधान- प्रमुख, वरिष्ठ

15. अनुमति- आज्ञा, मंजूरी

16. आदत- स्वभाव, प्रकृति

प्रश्न-5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए :-

1 - आदान - प्रदान

2 - वरदान - अभिशाप

3 - मौखिक - लिखित

4 - रोगी - निरोग

5 - उथान - पतन

6 - साकार - निराकार

7 - विजय - पराजय

8 - नकद - उधार

9 - शिक्षित - अशिक्षित

10 - आकाश - पाताल

प्रश्न- 6. दिए गए उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाकर लिखिए –

1- अधि – अधिकार , अधिराज

2- परा – पराजय , पराक्रम

3- प्रति – प्रतिवर्ष , प्रतिशोध

4- अध – अधजला , अधमरा

5- भर - भरपूर , भरसक

6- गैर – गैरकानूनी , गैरसरकारी

प्रश्न- 7. दिए गए प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाकर लिखिए -

1- पा – मोटापा , बुढ़ापा

2- ता – सफलता , मानवता

3- मान – शक्तिमान ,विद्यमान

4- हार – होनहार , चित्रहार

5- त्व - ममत्व , देवत्व

6- इया – बढ़िया , छलिया